# कांस्टेबल परीक्षा: एएसपी ने चिड़ावा थाने में डाला डेरा, जांच जारी

## अब तक पूछताछ के बाद सात आरोपी सलाखों के पीछे जा चुके हैं

**चिड़ावा,** (निसं)। पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक के मामले में लगातार पुलिस की जांच जारी है। मामले में सात आरोपी अब तक पूछताछ के बाद साक्ष्यों के आधार पर सलाखों के पीछे जा चुके हैं।

मामले की तफ्तीश मे जुटे एएसपी डॉ.तेजपाल सिंह लगातार पूछताछ के लिए चिड़ावा थाने में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने लगातार चौथे दिन भी थाने में आरोपियों और संदिग्धों से पूछताछ की। पुलिस के अधिकारी पेपर लीक प्रकरण की कड़ी से कड़ी जोड़ रहे हैं। जिसमें पेपर मिलने के बाद कितने लोगों को दिया गया। जिसकी एवज में कितनी रकम ली गई। हालांकि अधिकारी मामले को लेकर कुछ भी बताने से बच रहे हैं।




अधिकारियों को कहना कि प्रकरण की जांच चल रही है।

**तीन आरोपियों को भेजा जेल, चार रिमांड पर:-** मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं चार अन्य आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया गया। इधर, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी महीपाल, नरेंद्र और प्रमोद पूनियां की रिमांड अवधि पूर्ण होने पर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

वहीं शुक्रवार को गिरफ्तार आरोपी ढाणी लालपुर (लुहारू) निवासी संदीप कुमार, नौरंगदेसर (हनुमानगढ़) के मेहरचंद, कुल्हरियों की ढाणी (मंड्रेला) के सत्येंद्र और गोदारा का बास (चिड़ावा) निवासी सचिन गोदारा को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से चारों आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

# रिश्ता करवाने के नाम पर 30 हजार की ठगी

## अब रिश्ता कराने से इंकार, महिला समेत 3 लोगों पर मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,** (निसं)।युवक का रिश्ता करवाने के नाम पर 30 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। जंक्शन पुलिस थाने में इस संबंध में एक महिला ने 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जांच अधिकारी एएसआई जसकरण सिंह ने बताया कि थाने में द्रोपती (50) पत्नी जयराम सोनी निवासी वार्ड 6, हाउसिंग बोर्ड, जंक्शन ने मुकदमा दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी जान-पहचान वीरपाल कौर पुत्री दर्शन सिंह मजहबी निवासी 2 केएनजे आबादी के साथ है। वीरपाल कौर 31 मार्च को उसके घर आई। उसके साथ 2 केएनजे निवासी कृष्ण कुमार उर्फ एमपी और गुलाब सिंह भी आए। उन्होंने कहा कि तुम्हारे पुत्र महेन्द्रपाल का रिश्ता करवा सकते हैं। उनकी जान-पहचान में एक लड़की है। इस रिश्ते को करवाने के लिए वीरपाल कौर, कृष्णलाल उर्फ एमपी और गुलाब सिंह ने उससे सोने की एक अंगूठी और 30 हजार रुपए की मांग की।

पीडिता ने बताया कि उसने बेटे महेंद्रपाल के रिश्ते के लिए 30 हजार रुपए दे दिए। 3-4 दिन बाद जब उसने वीरपाल कौर से सम्पर्क किया तो वह टालमटोल करने लगी। 19 मई को वह अपने साथ पड़ोसी लखन व सरोज को लेकर वीरपाल कौर के घर गई। वहां पर कृष्ण कुमार उर्फ एमपी व गुलाब सिंह को भी बुलाया गया। उसने कहा कि वह उसकी बेटे की न तो शादी करवा रहे हैं और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। इस पर वीरपाल कौर, कृष्ण कुमार उर्फ एमपी व गुलाबसिंह कहने लगे कि उन्होंने तो मिलीभगत कर उसे झांसे में रखकर ठगी करनी थी जो कर ली। उनके पास कोई रुपए नहीं हैं। न ही कोई रिश्ता उसके बेटे के लिए उनके पास है। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच एएसआई जसकरण सिंह को सौंपी है।

## महिला का अपहरण, पांच लाख की फिरौती मांगी

**भरतपुर,** (निसं) । भरतपुर जिले में एक विवाहिता का उत्तर प्रदेश निवासी तीन बदमाशों ने अपहरण कर लिया । महिला को उत्तर प्रदेश के खुर्जा में एक जंगल में बदमाशों बंधक बनाकर रखा व महिला के पति से पांच लाख रूपये की फिरौती की मांग की । जब फिरौती नहीं मिली तो बदमाशों ने महिला के साथ लगातार सामूहिक दुष्कर्म किया । जब महिला को मौका मिला तो वह उनके कब्जे से फरार होकर अपने घर पहुंची और पूरी घटना पति को बताई।

मामला शहर में चिकसाना थाना इलाके का है जहाँ चिकसाना थाना इलाके की रहने वाली एक विवाहित महिला अपनी साथी महिला के साथ 3 मई को बाजार में खरीदारी करने आई थी । तभी उत्तर प्रदेश नंबर की एक गाड़ी आई और पीड़िता का अपहरण कर ले गए । जब पीड़िता 6 मई को बदमाशों के कब्जे से फरार होकर घर पहुंची तो पुलिस से संपर्क किया मगर उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी । बाद में महिला ने कोर्ट के जरिये मथुरा गेट थाने में तीनों बदमाश युसूफ,रविंद्र शर्मा और शैलेन्द्र जाटव के खिलाफ अपहरण, फिरौती की मांग और सामूहिक दुष्कर्म की धारा के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने बताया की मैं बाजार आई थी और तभी तीन बदमाश एक गाड़ी में मेरा अपहरण कर ले गए । मुझे बंधक बनाकर रखा और मेरे पति को फ़ोन कर 5 लाख रूपये की फिरौती की मांग की। उनको फिरौती नहीं मिली तो उन्होंने मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# मोटर व केबल चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



केलवाड़ा थाना पुलिस ने पानी की मोटर व केबल चुराने वालों को गिरफ्तार किया।

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के केलवाडा थाना क्षेत्र के कणूजा के थडी की बावडी कुंए पर लगी पानी की मोटर व केबल चोरी करने के आरोप में केलवाडा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की केबल व मोटर बरामद की। केलवाडा थानाधिकारी प्रवीण टांक ने बताया कि मामले में पुलिस ने पृथ्वीराज (22) पुत्र चम्पालाल लौहार, हीरालाल (28) पुत्र चुन्नीलाल लौहार निवासी केसर केलवाडा, खेमराज (28) पुत्र तुलसीराम लौहार निवासी बडगांव केलवाडा को गिरफ्तार कर आरोपियों से चोरी की केबल व मोटर बरामद की गई है।

थानाधिकारी ने बताया कि 18 मई को केलवाडा थाना पर कणूजा निवासी प्रार्थी विरमसिंह पुत्र केसरसिंह राजपूत ने थडी की बावडी कुंए पर लगी पानी की मोटर (समरसेबल) एवं 48 फीट लम्बी केबल को अज्ञात बदमाशों द्वारा चुरा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सख्ती से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों ने कुंए से पानी की मोटर व केबल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की केबल व मोटर बरामबद करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## मकान में लगी आग, घरेलू सामान जल कर नष्ट

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी क्षैत्र में स्थित मकान के कमरें में आग लग गई। हादसे में कमरे में रखा सामान जल कर नष्ट हो गया कोई जन हानी नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को हिरणमगरी सेक्टर 3 टेगोर नगर निवासी कौशल शर्मा के मकान में प्रथम तल पर बने एक कमरें में अचानक आग लग गई। इसका पता चलने पर विद्युत समिति अध्यक्ष एवं क्षैत्रिय पार्षद हेमंत बोहरा ने मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी।इस पर अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास मौके पर पहुंचे तथा दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू किया। आग से कमरें में रखा बिस्तर, फर्नीचर सहित सभी सामान जल कर नष्ट हो गया। आग से किसी प्रकार की कोई जन हानी नही हुई। प्रारंभिक अनुसंधान में शार्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी सामने आई है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम घटने के बाद भी डीलर्स को नहीं मिला फायदा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। केंद्र सरकार के पेट्रोल पर आठ और डीजल पर छह रुपए एक्साइज ड्यूटी घटाने का शहर के आम लोगों को तो फायदा मिला है लेकिन पेट्रोलियम डीलर अब भी मायूस हैं। उन्हें अब भी रेट में आई इस कमी से कोई बड़ा फायदा नहीं मिलने वाला। एक्साइज ड्यूटी सेंट्रल गवर्नमेंट की ओर से घटाए जाने से पंजाब और राजस्थान के पेट्रोल-डीजल के दामों में मामूली अंतर आया है। यह पहले भी करीब 18 रुपए था और अब भी करीब 17 रुपए बना हुआ है। ऐसे में पेट्रोलियम डीलर्स का कहना है कि उन्हें दामों में कमी का कोई फायदा नहीं हुआ है। आम आदमी को जरूर कुछ लाभ हुआ है।

एक्साइस ड्यूटी घटाए जाने से श्रीगंगानगर में पेट्रोल में 9.70 रुपए और डीजल में 7.16 रुपए की कमी आई है। इसके बाद जहां शनिवार रात बारह बजे से पहले तक पेट्रोल 123.16 पैसे और डीजल 113.60 रुपए था वहीं शनिवार रात बारह बजे के बाद पेट्रोल के दाम 105.55 रुपए और डीजल 98.35 रुपए प्रति लीटर हो गया। सेंट्रल गवर्नमेंट के एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद भी राजस्थान के मुकाबले पंजाब में दामों में 16.62 रुपए प्रति लीटर का अंतर है।

श्रीगंगानगर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने बताया कि एक्साइज ड्यूटी घटाने का डीलर्स को कोई लाभ नहीं है अब भी पंजाब के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल का दाम करीब सत्रह रुपए ज्यादा है। एक्साइज ड्यूटी पंजाब पर भी समान रूप से कम हुई है।

वहीं श्रीगंगानगर के पेट्रोल डीलर सुमित शर्मा का कहना है कि उनके यहां अब भी कस्टमर्स की कमी बनी हुई है। बड़े वाहन तो राजस्थान के पेट्रोल पंप पर रुकते ही नहीं हैं। वे पंजाब से राजस्थान एंट्री के समय पेट्रोल भरवाते हैं और राजस्थान से बाहर निकलकर ही पेट्रोल फिर से भरवाते हैं। राजस्थान सरकार कुछ टैक्स कम करे तो कस्टमर्स और डीलर्स दोनों को फायदा होगा।

पेट्रोल-डीजल के मामले में देश में सबसे ज्यादा दाम श्रीगंगानगर में हैं। यहां से पंजाब महज सात किलोमीटर दूर है। ऐसे में बस ट्रक जैसे बड़े वाहन तो लोकल डीलर्स से पेट्रोल लेते ही नहीं हैं। बल्कि छोटे वाहन भी पूरे माह की जरूरत के लिए पंजाब से पेट्रोल ले आते हैं।

# राशन डीलर को समय पर नहीं मिल रहा गेहूं

**अजमेर,** (कासं)। रसद विभाग और खाद्य निगम द्वारा राशन डीलरों को सप्लाई किए जाने वाला गेंहू समय पर सप्लाई नहीं होने से राशन डीलरों सहित उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। नाराज उपभोक्ताओं द्वारा राशन डीलर गेंहू की मांग करते आए दिन तकरार होती रहती है। ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आया है।

राशन डीलर सतीश चंद आसोपिया का प्रशासन पर आरोप है कि उनकी राशन की दुकान नगर निगम के वार्ड नंबर 38 विज्ञान नगर में पोस मशीन 21820 पर संचालित है। आसोपिया ने बताया कि उन्हें मई माह में वितरण करने वाला 90 क्विंटल राशन का गेहूं अप्रैल माह में ही मिल जाना चाहिए था लेकिन उन्हें मात्र 32 क्विंटल गेंहू ही प्राप्त हुआ है, जबकि शेष (पीएमजी वाला) 58 क्विंटल गेंहू आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके चलते उपभोक्ता राशन की दुकान पर बार बार चक्कर लगाकर

**■ उपभोक्ता राशन की दुकान पर बार बार चक्कर लगाकर खासा परेशान**

खासे परेशान हो रहे है। जिससे राशन डीलर और उपभोक्ताओं में कभी भी विवाद हो सकता है। आसोपिया ने बताया कि शेष गेंहू की सप्लाई के लिए रसद विभाग और खाद्य निगम अजमेर को भी सूचना दी गई है लेकिन अभी तक उन्हें कोटे के अनुरूप गेंहू की सप्लाई नहीं दी गई है।

इससे राशन डीलर उपभोक्ताओं को क्या जबवा दे, उन्हें राशन का गेहूं कब तक उपलब्ध हो पाएगा, विभाग कोई संतोष पूर्ण जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि गेंहू सप्लायर ठेकेदार फर्म भास्कर इंड्रस्टीज अपनी निविदा शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है, जिससे उपभोक्ताओं और राशन डीलरों में भारी रोष है।

## एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने टीवीएस क्रेडिट सर्वीसेज के ऐजेंट के खिलाफ ग्राहकों से वसूल की गई नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित टीवीएस क्रेडिट सर्विसज शाखा मावली वाला प्लाजा सुखाड़िया समाधी लेकसिटी मॉल दुर्गानर्सरी रोड़ के अधिकृत अधिकारी सुमित माथुर ने दो अलग अलग मामलों में आरोपी पवनपुरी गोस्वामी एवं पटेलवाड़ा सलूम्बर निवासी अंकुर पटेल पुत्र हिरालाल पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपियोंको कंपनीमें ग्राहाकों को दिए ऋण की वसूली के लिए एजेंट के तौर पर नौकरी पर रखा था। गत दिनों आरोपी पवनपुरी ने चार पांच ग्राहाकों से ऋण की किश्तें वसूल कर करीब 25 हजार रूपयें कंपनी के खाते में जमा नहीं कराई। इसी तरह अंकुर ने एक ग्राहक से वसूल की गई 8 हजार रूपये नकदी जमा नहीं करवाई। इसका पता चलने पर संपर्क किया तो आरोपियों ने कोई संतेषप्रद जवाब नहीं दिया।

# नहाने गये दो दोस्तों की डिग्गी में डूबने से मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)।जिले के पदमपुर इलाके के गांव सांवतसर में रविवार को गर्मी से निजात पानी के लिए खेत में बनी डिग्गी में नहाने के लिए गए दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों अपने कुछ दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गए थे। इसी दौरान एक का पांव फिसला। दूसरा उसे बचाने लगा तो वह भी पानी में डूब गया। उन्हें डूबता देख पास खड़े दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन जब तक उन्हें बचाया जाता उनकी मौत हो चुकी थी।

पदमपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। गांव सांवतसर का रहने वाला दीपक पुत्र बाबूलाल मेघवाल और उसका दोस्त जयदेव पुत्र हीरालाल रविवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास गर्मी से निजात पाने के लिए गांव में एक खेत में बनी डिग्गी पर नहाने के लिए गए थे। उनके साथ उनके कुछ दोस्त भी थे। ये लोग दोपहर में डिग्गी में उतरे। इनके कुछ दोस्त तो बाहर निकल आए लेकिन दीपक और जयदेव

**■ एक दोस्त का पांव फिसला, दूसरा उसे बचाने में डूब गया**

नहाते रहे। इसी दौरान जयदेव का पांव फिसला। वह डूबने लगा तो दीपक ने उसे बचाने की कोशिश की। इसी प्रयास में दीपक का भी बैलेंस बिगड़ गया और वह डिग्गी में गिर गया। आसपास खड़े दोस्तों और अन्य लोगों ने दोनों को बचाने की कोशिश की।कुछ देर बाद उन्हें डिग्गी से निकाल लिया गया लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दोनों मृतकों दीपक और जयदेव के पिता मजदूरी करते हैं। दोपहर बाद दोनों के परिवारों को हादसे की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे। पिता और परिवार के लोग उस वक्त को कोस रहे थे जब दोनों बच्चों ने डिग्गी में नहाने का फैसला किया। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। धमका कर युवती का अपहरण कर बंधक बना उसके साथ दुष्कर्म करने वाले व साथियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी कोठारिया राजसमन्द निवासी दीपक पुत्र रतनलाल खटीक, रतनलाल खटीक, रीना, मंजु पुत्री रतनलाल खटीक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि एक वर्ष से आरोपी दीपक से संपर्क मे होने से नजदीकियां है।

5 अप्रेल 2022 को आरोपी मुझे अश्लिल वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर अपहरण कर अपने साथ ले गए। जहां एक सप्ताह तक बंधक बनाए रख कर आरोपी दीपक ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। मौका मिलने पर आरोपियों के चंगुल से निकल कर घर लौट कर परिजनों को आपबीती बता कर मामला दर्ज करवाया। प्रकरण की जांच कुराबड़ थानाधिकारी अमीत कुमार विश्नोई कर रहे हैं।

# रोडवेज बस व ट्रेलर में टक्कर, एक जने की मौत

**अजमेर,** (कासं)। जिले के किशनगढ़ उपखंड क्षेत्र के नए रोडवेज बस स्टैंड के पास, वैष्णो देवी मंदिर के निकट रविवार दोपहर को रोडवेज बस और ट्रेलर की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिया के नीचे जूस का ठेला चलाने वाले एक युवक की बस और ट्रेलर के बीच में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद यात्री बस में ही फंस गए, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस ने बमुश्किल बाहर निकाला।

घायल यात्रियों को किशनगढ़ के यज्ञ नारायण अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के वक्त बस में करीब 30 यात्री सवार थे। इसमें से 20 घायल हो गए, जबकि 7 की हालत गंभीर बताई जा रही।

जानकारी के अनुसार बस अजमेर से जयपुर की ओर जा रही थी।सूचना पर किशनगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एम्बुलैंस की सहायता से करीब 20 घायलों को राजकीय यज्ञ नारायण अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। जबकि किशनगढ़ से बच्चों, महिलाओं सहित 10 को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय रैफर किया गया,जहां उनका उपचार चल रहा है। टक्कर के बाद रोड पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

मौके से पुलिस ने वाहनों को हटाया और यातायात सुचारू किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंभीर रूप से घायल पाली निवासी गोपाल सिंह, नवल कवर, करौली निवासी लक्ष्मी मीणा, पुष्कर निवासी विरेंद्र सिंह, जयपुर निवासी जनक कवर, भूपेंद्र सिंह, पुष्कर निवासी यशु, मीना कवर, खानपुरा अजमेर निवासी आहान खान, अजमेर निवासी अमायरा, प्रहलाद सिंह का उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही अजमेर पुलिस प्रशासन सहित एडीएम सिटी भावना गर्ग समेत अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे ओर घायल की कुशलक्षेम पूछी।

# नेताओं एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल की अगवानी की

## ट्रेन से परिवार सहित रेलवे स्टेशन पर पहुंचे राज्यपाल

**आबूरोड,** (नि.सं.)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ग्रीष्मकालीन प्रवास के लिये रविवार को वाराणसी अहमदाबाद ट्रैन में लगे स्पेशल बोगी से आबूरोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जनप्रतिनिधीयो सहित प्रशासनिक अधिकारीयो ने पुष्प गुच्छ देकर की अगुवाई। प्रशासनिक अधिकारीयो व जनप्रतिनिधीयो से की मुलाकात। अधिकारीयो से जानी कोरोना महामारी की प्रगति रिपोर्ट। सडक मार्ग से पहुंचे आबूपर्वत। 30 जून तक करेगे आबूपर्वत राजभवन मे प्रवास।

दो घंटे ट्रेन लेट होने से नही हो पाया गार्ड ऑफ़ आनरराजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र अपने एक महा के ठाीष्मकलीन प्रवास को लेकर रविवार को ट्रैन से अपने निर्धारित समय से 3 घंटे देरी से आबूरोड रेलवे स्टेशन पहुंचे। राज्यपाल का रेलवे स्टेशन पर सिरोही विधायक संयम लोढ़ा, जोधपुर संभागीय आयुक्त हिमांशु गुप्ता , रेंज आईजी पी रामजी सिरोही जिला कलेक्टर डाक्टर भंवरलाल, सिरोही पुलिस अधिक्षक धमेन्द्र सिंह,पालिकाध्यक्ष मगन दान चारण जिला प्रमुख अर्जुन राजपुरोहित प्रधान

**■ राज्यपाल 30 जून तक आबूपर्वत राजभवन प्रवास करेंगे**

लीलाराम ठाासिया ने पुष्प गुच्छ देकर अगवानी की। राज्यपाल ने उसके बाद अधिकारीयो से ओपचारिक मुलाकात मे प्रशासनिक स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद राज्यपाल ने पत्रकारो से रूबरू हुये उसके बाद राज्यपाल मिश्र सडक मार्ग से आबूपर्वत के लिये रवाना हुये। राज्यपाल के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये गये थे।

आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत तक सडक के दोनो तरफ पुलिस के जवान तैनात रहे। उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत कनिष्क कटारिया, उपखण्ड अधिकारी आबूरोड अरविन्द शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुमार साहू, आबूपर्वत डीप्टी योगेश शर्मा, पालिका अधिशाषी अधिकारी अनिल झिंगोनिया, पीडब्लु डी सहायक अभियंता सचिव संचेता, जलदाय विभाग सहायक अभियंता हेमंत गोयल, रूडीप सहायक अभियंता अधिकारी सहित जिले के अधिकारीयो ने व्यवस्थाओ पर डटे रहे।

**चप्पे चप्पे पर रही सुरक्षा :-** राज्यपाल के आगमन को लेकर आबूरोड शहर के साथ आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत राजभवन तक के मार्ग पर माकुल सुरक्षा व्यव्सथा नजर आई। रेलवे स्टेशन से पर राज्यपाल के ट्रैन से उतरने के साथ ही आबूरोड रेलवे स्टेशन से लेकर आबूपर्वत मार्ग को ब्लॉक किया गया। महामहिम के काफिले के निकलने के बाद पुन: रास्ता खोला गया। वही रेलवे स्टेशन पर भी चारो तरफ सुरक्षाकर्मी मुस्तेद नजर आये वही जिले के पुलिस के आला अधिकारी भी सुरक्षा को लेकर पैनी नजर बनाये हुये थे।

**शहरवासीयो ने हाथ जोड किया महामहिम का अभिनन्दन :-** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के दूसरी बार आबूरोड आगमन को लेकर शहरवासी उनके दिदार के लिये मुख्य रास्ते के दोनो ओर खडे नजर आये जेसे ही राज्यपल का काफिला मुख्य रास्ते से गुजरा दोनो तरफ खडे लोगो ने उनका हाथ जोड कर अभिनन्दन किया वही राज्यपाल ने भी अपने वाहन मे से ही सभी का अभिवादन स्वीकार किया।

## झांसा देकर नकदी हड़पने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने दलाल व साथियों के खिलाफ ऋण दिलाने का झांसा देकर नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पुनावली राजसमन्द निवासी किशनलाल पुत्र भगवान लाल प्रजापत ने दलाल अशोक सिंह राठोड़ तथा सेन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया के मैनेजर व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मकान नवीनी करण के लिए अशोकसिंह राठोड़ से संपर्क किया तो उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर कागजी कार्यवाही पूरी की।

इस दौरान चैक व स्टाम्प दिए तथा बैक में खाता खुलवाया। कुछ दिनों बाद 12 लाख का बैंक ऋण स्वीकृत होने की जानकारी मिली। इस पर खाते में देखा तो ऋण पेटे पहली किश्त के खाते में पांच लाख रूपये जमा हुए थे। उक्त नकदी षड्यंत्रपूर्वक अशोक सिंह ने अपने खाते में ट्रांसफर कर दी। इसका विरोधक करने पर आरोपी ने टुकड़ों टुकड़ों में चार लाख का भुगतान किया तथा एक लाख रूपये चैक दिया जो निर्धारित समय पर बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। उगाही करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# भीषण आग में ट्रैक्टर ट्रॉली, बाइक, सहित आठ थड़ियां जलकर राख

## गुढ़ाचन्द्रजी के मुहाना मोड़ पर थड़ियों में लगी आग

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। गुढ़ाचन्द्रजी के मुहाना मोड़ पर रविवार को सड़क किनारे रखी थड़ियों में आग लग गई। आग से थड़ियों के सामने खड़े एक ट्रैक्टर ट्रॉली, बाइक, सहित आठ थडिया जलकर राख हो गई। लोगों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर मिट्टी और पानी डालकर काबू पाया लेकिन तब कर आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया।

गुढ़ ाचन्द्रजी पुलिस चौकी प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सिकन्दरा सड़क मार्ग पर मुहाना मोड़ पर सड़क किनारे एक दर्जन से अधिक थडियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने पंचर की दुकान पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को भी अपने लपेटे में ले लिया। सूचना पर चौकी प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल गजराज सिंह, कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह राजावत सहित दर्जनों लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तेज हवा होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से ट्रैक्टर ट्रॉली भी जलकर राख हो गई। आगजनी की सूचना लगते ही दीपेंद्र सिंह राजावत,



मुहाना मोड़ पर थड़ियों के पास खड़ा ट्रैक्टर धू-धू कर जलने लगा।

राजेश कुमार जैन, महेंद्र सिंह चौहान सहित दर्जनों लोगों ने आग पर मिट्टी और पानी डालकर काबू पाने को कोशिश की लेकिन तेज हवा के कारण आग ने विकराल लेकर सभी थडियों को अपनी लपेटे में ले लिया। आगजनी का विकराल रूप होते ही दीपेंद्र सिंह राजावत, महेश मोदी, जगन्नाथ माली और पप्पू माली ने अपने ट्रैक्टरों से मौके पर पानी के टैंकर बुलाकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर मुश्किल से काबू पाया।

आगजनी से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग से सड़क किनारे पिंचर सही करा रहे दीनदयाल पुत्र कल्याराम मीना निवासी बाडा राजपुर का टैक्टर ट्रॉली, धीरसिंह पुत्र मक्खन सिसोदिया की चयबोर जूस की थड़ी, हुकम पुत्र हरिनारायण सिसोदिया की परचूनी की दुकान, जगन्नाथ पुत्र गंगासहाय सिसोदिया की पंचर की दुकान, गोकुल पुत्र गंगासहाय की चाय की थड़ी, दीपक पुत्र विष्णु सिसोदिया की ज्यूस की दुकान ओर फतेह सिंह पुत्र शिवचरण सिसोदिया की थड़ी ओर परचूनी की थड़ी जलकर राख हो गई।